**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 25 जुलाई 2025, समय 1305 (5 मिनट))**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के लिए ऐतिहासिक है।श्री मोदी ने कल ब्रिटेन में कहा कि कई वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद यह समझौता संपन्न हुआ है।

**************************************************************************

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता ऐतिहासिक है जिससे व्यापार, निवेश और रोज़गार को बढ़ावा मिलेगा। लंदन में प्रसार भारती संवाददाता के साथ विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि इस अभूतपूर्व समझौते से किसानों, छोटे व्यापारियों, स्टार्टअप्स और अन्य सेवा क्षेत्रों को लाभ होगा।

श्री गोयल ने कहा कि इस समझौते से भारतीय पेशेवरों, शिक्षा, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों के लिए ब्रिटेन के बाज़ार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि यह समझौता उन भारतीयों के लिए भी फायदेमंद है जो तीन वर्ष के लिए अल्पकालिक नौकरियों के प्रयोजन से ब्रिटेन आते हैं।

************************************************************************

उद्योग जगत के दिग्गजों ने भी भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को एक परिवर्तनकारी कदम बताया है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद ने कहा है कि ब्रिटेन को इंजीनियरिंग निर्यात में काफी वृद्धि हुई है जो भारतीय इंजीनियरिंग वस्तुओं के लिए ब्रिटेन के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। वहीं फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री -फिक्की ने कहा है कि इस समझौते से कृषि, औषधि, सेवाओं, ऑटो कल-पुर्जे आदि सहित कई क्षेत्रों में अवसर खुलेंगे।

**************************************************************************

फरीदाबाद में आयकर विभाग की टीम ने राष्ट्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश प्रताप शर्मा के अशोका एनक्लेव निवास और पार्टी कार्यालय पर कल एक साथ छापेमारी की। विभाग की कार्रवाई सुबह साढ़े 6 बजे शुरू हुई और देर शाम तक चली।
सूत्रों के अनुसार, आयकर विभाग को पार्टी के बैंक खातों में संदिग्ध लेन-देन की जानकारी मिलने के बाद यह छापेमारी की गई।
जांच में सामने आया कि पार्टी के विभिन्न खातों में लगभग 200 करोड़ रुपये का चंदा आया है। इनमें से कई चंदे ऐसे स्रोतों से मिले हैं जिनकी जानकारी दस्तावेजों में दर्ज नहीं है। बताया जा रहा है कि ये चंदे कुछ बड़े कारोबारी समूहों और अज्ञात स्रोतों से प्राप्त हुए हैं। इसके साथ ही विभाग ने पार्टी से जुड़े चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के दिल्ली और मुंबई स्थित कार्यालयों पर भी छापे मारे हैं। जांच के दौरान विभाग को कुछ ऐसे दस्तावेज मिले हैं, जो कर नियमों के उल्लंघन की ओर इशारा करते हैं। आयकर अधिकारी अब चंदे में मिली रकम की रसीदें, खातों के लेन-देन और अन्य दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रहे हैं।
**********************************************************************

हरियाणा में पहली बार 25 फीसदी भूमि में पोटेशियम की कमी पाई गई है। कृषि वैज्ञानिकों ने कहा है कि यह चिंता का विषय है क्योंकि हरियाणा पोटेशियम की कमी वाला राज्य नहीं रहा है। हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर दिनेश तोमर ने बताया -

डॉक्टर दिनेश तोमर ने कहा कि अब किसानों को यूरिया और डीएपी खाद के अलावा खेतों में पोटाश की कमी को दूर करने के लिए एमओपी डालने की सलाह दी जा रही है।
उन्होंने किसानों को सलाह दी वे तीन साल में एक बार अपने खेत की मिट्टी की जांच अवश्य करवाएं ।

*************************************************************

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 व 27 जुलाई को आयोजित की जाने वाली सीईटी-2025 परीक्षा को शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा राज्यभर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसे लेकर पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर द्वारा सभी जिलों में पुलिस के उच्च अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं । पुलिस महानिदेशक ने कहा कि परीक्षा के दिन सभी परीक्षा केन्द्रों के 500 मीटर के दायरे में धारा 163 बीएनएसएस लगाई जाएगी। सभी जिला पुलिस प्रमुख संबंधित उपायुक्तों के साथ परीक्षा से एक दिन पहले भी परीक्षा केन्द्रों का दौरा करेंगे तथा परीक्षा के दिन स्वयं पैट्रोलिंग पर

निकलेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि भर्ती परीक्षा निष्पक्ष व बिना किसी गड़बड़ी के संपन्न हो। इसके साथ ही जिला उपायुक्तों को परीक्षा के लिए पर्याप्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति करने के लिए कहा गया है।